इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 39] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 30 सितम्बर 2011—आश्विन 8, शक 1933

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 सितम्बर 2011

क्र. ई-1-312-2011-5-एक.—श्री आशुतोष अवस्थी, भाप्रसे., उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग की सेवाएं अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कार्यक्रम संचालक, तेजस्विनी परियोजना के पद पर नियुक्ति के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपी जाती हैं तथा उन्हें पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग भी घोषित किया जाता है.

(2) उपरोक्तानुसार श्री आशुतोष अवस्थी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन भाप्रसे (वेतन) नियमावली, 2007 के नियम-9 के अंतर्गत कार्यक्रम संचालक, तेजस्विनी परियोजना के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में ऊपर दर्शित नियमों की अनुसूची-II बी में सम्मिलित उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 13 सितम्बर 2011

क्र. बी-1-31-2011-2-एक.—राज्य शासन एतद्द्वारा कु. सुरभि सोनी, राप्रसे डिप्टी कलेक्टर, कटनी के अनुरोध पर उनके

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2011.

विवाहोपरांत उपनाम में परिवर्तन कर ''कु. सुरभि सोनी के स्थान पर'' ''श्रीमती सुरभि तिवारी'' करने की स्वीकृति प्रदान करता है.

(2) उपरोक्तानुसार उप नाम परिवर्तन की प्रविष्टि श्रीमती सुरभि तिवारी, रा.प्र.से. के सेवा अभिलेखों में की जायें.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
उषा परमार, अवर सचिव ''कार्मिक''

भोपाल, दिनांक 14 सितम्बर 2011

क्र. ई-5-848-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री लक्ष्मीकांत द्विवेदी, आयएएस., उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग को दिनांक 26 सितम्बर 2011 से 7 अक्टूबर 2011 तक बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री लक्ष्मीकांत द्विवेदी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री लक्ष्मीकांत द्विवेदी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री लक्ष्मीकांत द्विवेदी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. तोमर, अवर सचिव ''कार्मिक''

भोपाल, दिनांक 2 सितम्बर 2011

क्र. ई.-1-207-2011-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाये भाप्रसे के अधिकारी को मुख्य सचिव वेतनमान में पदोन्नत करते हुए, उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाये गये पद पर, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से पदस्थ किया जाता है :—

क्रमांक	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	मुख्य सचिव वेतनमान में पदोन्नति पर पदस्थापना	खाना-3 में अंकित पद असंवर्गीय होने की दशा में संवर्गीय पद जिसके समकक्ष पदस्थ किया गया है
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री स्वदीप सिंह (1979) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन वन विभाग.	अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग.	अध्यक्ष, राजस्व मंडल

भोपाल, दिनांक 14 सितम्बर 2011

क्र. ई.-1-307-2011-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाये भाप्रसे के अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाये गये पद पर, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से पदस्थ किया जाता है :—

क्रमांक	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना	खाना-3 में अंकित पद असंवर्गीय होने की दशा में संवर्गीय पद जिसके समकक्ष घोषित किया गया
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री व्ही. के. बाथम, (1992) सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय विभाग.	आयुक्त, सामाजिक न्याय, मध्यप्रदेश तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय विभाग.	—
2	श्री हीरालाल त्रिवेदी (1993) आयुक्त, सामाजिक न्याय, मध्यप्रदेश	सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग.	—

(1)	(2)	(3)	(4)
3	श्रीमती मधु खरे (1997) सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश.	अपर आयुक्त, आदिवासी विकास (इस विभाग के आदेश क्र. ई-1/304/2011/5/ए, दिनांक 7 सितम्बर, 2011 जिसके द्वारा श्रीमती खरे को संचालक, ग्रामीण रोजगार पदस्थ किया गया है, को एतद्द्वारा निरस्त करते हुए).	—
4	श्री एन. बी. एस. राजपूत (1999).	आयुक्त, नगरपालिक निगम, जबलपुर (इस विभाग के आदेश क्र. बी-1/72/2011/2/एक, दिनांक 30 अगस्त, 2011 जिसके द्वारा उप सचिव, साप्रवि पदस्थ किया गया है, को एतद्द्वारा निरस्त करते हुए).	उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन
5	श्री संतोष कुमार मिश्रा (1999) अपर आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इन्दौर.	उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग.	—
6	श्री आनंद शर्मा, भाप्रसे अपर कलेक्टर, इन्दौर.	अपर आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इन्दौर.	उप सचिव मध्यप्रदेश शासन
7	श्री ओ. पी. श्रीवास्तव, राप्रसे आयुक्त, नगरपालिक निगम, जबलपुर.	अपर कलेक्टर, जबलपुर	—

(2) श्री आलोक श्रीवास्तव, भाप्रसे (1984), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आगामी आदेश तक, प्रमुख सचिव, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग, जैव विविधता एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

(3) श्री आलोक श्रीवास्तव द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग, जैव विविधता एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री प्रभांशु कमल, भाप्रसे (1985), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग तथा जैव विविधता एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग केवल प्रमुख सचिव, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग, जैव विविधता एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 15 सितम्बर 2011

क्र. एफ-ए-5-16-2011-एक (1).—राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदय श्री एस. एन. अग्रवाल, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, ग्वालियर, खण्डपीठ ग्वालियर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है :—

अ.क्र. (1)	अवकाश अवधि (2)	कुल दिन (3)	अवकाश का प्रकार (4)	अभियुक्ति (5)
1	दिनांक 11-7-2011 से 14-7-2011 तक.	4 दिन	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित कम्युटेड अवकाश.	अवकाश के पश्चात् में दिनांक 8-5-2011 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. आर. विश्वकर्मा, उपसचिव.

राजस्व विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 अगस्त 2011

क्र. एफ. 16-26-2011-सात-2ए.—राज्य शासन, एतदद्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 17 की उपधारा (1) के अन्तर्गत श्री पी. के. श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर, श्योपुर को जिले में अतिरिक्त कलेक्टर की शक्तियां प्रदत्त करता है. श्री श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर, श्योपुर को उनकी श्योपुर जिले में पदस्थ अवधि अथवा अपर कलेक्टर की पदस्थापना होने तक यह अधिसूचना प्रभावशील रहेगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
किरण मिश्रा, अवर सचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 6 सितम्बर 2011

क्र. एफ. 14-2-2007-ए-सोलह.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 6 फरवरी 2010 निरस्त कर मध्यप्रदेश श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1982 की धारा 4 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा श्री भगवान दास गोंडाने, इन्दौर को आगामी आदेश अथवा तीन वर्ष की अवधि, जो भी पहले हो, तक के लिये मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल का अध्यक्ष नियुक्त करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
खेमराज माहौर, अवर सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 सितम्बर 2011

क्र. एफ. 3-31-2001-बत्तीस-1.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 40 सहपठित मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश नियम 1975 के नियम 17 के अध्यधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन, एतद्द्वारा निम्नलिखित व्यक्तियों को आगामी आदेश तक, देवास विकास प्राधिकरण, देवास में उनके नाम के सम्मुख उल्लेखित पद पर नियुक्त किया जाता है:—

1.	श्री शरत पाचूनकर	अध्यक्ष
2.	श्री मज्जीद भाई	उपाध्यक्ष
3.	श्री दुर्गेश अग्रवाल	उपाध्यक्ष
4.	श्री विकास गिरी	सदस्य
5.	श्री शिवचरण कामते	सदस्य
6.	श्री घनश्याम पाटीदार	सदस्य
7.	श्रीमती चन्द्रकांता शर्मा	सदस्य
8.	श्रीमती मनोरमा अशोक सोलंकी	सदस्य

(2) श्री शरत पाचूनकर द्वारा देवास विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से कलेक्टर, देवास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद से स्वत: ही कार्यमुक्त हो जायेंगे.

क्र. एफ. 7-37-2001-बत्तीस-1.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 40 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश नियम 1975 के नियम 17 के अध्यधीन राज्य शासन द्वारा निम्नलिखित व्यक्तियों को आगामी आदेश तक, जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर में उनके नाम के सम्मुख उल्लेखित पद पर नियुक्त किया जाता है:—

1.	श्री गोविन्द अग्रवाल	सदस्य
2.	श्री शांतिलाल पटेल	सदस्य
3.	श्री रिकुंज विज	सदस्य
4.	सुश्री ममता समर्थ तिवारी	सदस्य
5.	सुश्री बिन्दिया अजय अधिकार	सदस्य

क्र. एफ. 7-39-2001-बत्तीस-1.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 40 सहपठित मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश नियम 1975 के नियम 17 के अध्यधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन, एतद्द्वारा निम्नलिखित व्यक्तियों को आगामी आदेश तक, उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन में उनके नाम के सम्मुख उल्लेखित पद पर नियुक्त किया जाता है:—

1.	श्री किशोर खण्डेलवाल	अध्यक्ष
2.	श्री अनिल फिरोजिया	उपाध्यक्ष
3.	श्री मदन ललावत	उपाध्यक्ष
4.	श्री वासु केशवानी	सदस्य
5.	श्रीमती रेखा ओरा	सदस्य
6.	श्री मुकेश जोशी	सदस्य
7.	श्री भूरासिंह यादव	सदस्य
8.	श्रीमती साधना सेठी	सदस्य

(2) श्री किशोर खण्डेलवाल द्वारा उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से आयुक्त, उज्जैन संभाग, उज्जैन प्राधिकरण के अध्यक्ष पद से स्वत: ही कार्यमुक्त हो जायेंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आशीष सक्सेना, उपसचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 सितम्बर 2011

क्र. एफ. 1 (ए) 145-1990-ब-2-दो.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 12 अगस्त 2011 द्वारा श्री अरविन्द कुमार, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, (प्रशा.) पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 16 से 30 अगस्त 2011 तक कुल पन्द्रह दिवस का अर्जित अवकाश दिनांक 13, 14, 15 एवं 31 अगस्त 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया गया था.

(2) श्री अरविन्द कुमार, भापुसे द्वारा उक्त स्वीकृत अवकाश में से दिनांक 22 से 30 अगस्त 2011 तक कुल नौ दिवस के अवकाश का उपभोग न किये जाने के कारण राज्य शासन द्वारा उक्त अवधि का स्वीकृत अर्जित अवकाश निरस्त किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 15 सितम्बर 2011

क्र. एफ. 1 (ए) 180-1986-ब-2-दो.—(1) श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, (रेल) भोपाल को दिनांक 19 से 28 सितम्बर 2011 तक कुल दस दिवस का अर्जित अवकाश दिनांक 17, 18 सितम्बर 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (रेल), भोपाल को उक्त अवकाश अवधि में वर्तमान खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-11 में गृह नगर अवकाश यात्रा के बदले में "(पेगनान शो) लेह (जम्मू कश्मीर)" जाने हेतु परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ यात्रा की अनुमति दी जाती है :—

1.	श्री मैथिलीशरण गुप्त	—	स्वयं
2.	श्रीमती सविता गुप्त	—	पत्नी
3.	कु. शिवांशी गुप्त	—	पुत्री
4.	कु. शिवांगी गुप्त	—	पुत्री

(3) श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे की उक्त अवकाश अवधि में इन्हें सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन श्री आर. के. गुप्ता, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (रेल), भोपाल द्वारा अपने कार्यों के साथ-साथ किया जायेगा.

(4) उक्त यात्रा हेतु स्वीकृत अवकाश का उपभोग करने के फलस्वरूप इनके अर्जित अवकाश खाते से 10 दिवस का अर्जित अवकाश घटाया जावेगा.

(5) उक्त यात्रा हेतु श्री गुप्त को 10 दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(6) श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे द्वारा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (रेल), भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर इनके अवकाश अवधि में इनके दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित अधिकारी उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(7) अवकाश से लौटने पर श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अति. पुलिस महानिदेशक, (रेल), भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(8) अवकाश काल में श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(9) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक दास, अपर मुख्य सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 16 सितम्बर 2011

फा. क्र. 17 (ई) 202-2005-इक्कीस-ब (दो)—दिनांक 2 अगस्त 2000 द्वारा श्री सुहेल अनवर सिद्दीकी, अधिवक्ता, निवासी-तहसील गौहरगंज जिला रायसेन को तहसील गौहरगंज में नोटरी व्यवसाय करने हेतु नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु उनकी मृत्यु हो जाने के कारण उनका तहसील गौहरगंज में नोटरी व्यवसाय करने का नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 22/23 सितम्बर 2011

फा. क्र. 1 (बी)-11-2004-इक्कीस-ब (दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा श्री दिलीप कुमार गोयल पुत्र श्री बुधमल गोयल, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये गुना सत्र खण्ड के गुना राजस्व जिले के लिये अति. लोक अभियोजक, फास्ट ट्रेक कोर्ट, गुना नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. जे. खान, सचिव.

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 सितम्बर 2011

क्र. 25-19-2011-दस-3.—भारतीय वन अधिनियम, 1927 (क्रमांक 16 सन् 1927), की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा उक्त अधिनियम के अध्याय 4 के उपबंधों को नीचे की अनुसूची में उल्लेखित की गई वन भूमि/बंजर भूमि पर लागू होने की घोषणा इन शर्तों के अधीन रहते हुए करता है कि व्यक्तियों या समुदायों के वर्तमान अधिकार जहां तक कि वे राज्य शासन द्वारा समय-समय पर रूपभेदित किये जाएं, के अतिरिक्त किसी भी रीति में न्यूनीकृत या प्रभावित नहीं किये जावेंगे:—

अनुसूची

जिला—छतरपुर, तहसील—बिजावर, वनमण्डल—छतरपुर, वन परिक्षेत्र—किशनगढ़

अनु. क्र. (1)	वनखंड का नाम (2)	वन या बंजर भूमि का नाम (3)	खसरा क्रमांक (4)	रकबा (हेक्टेयर में) (5)	सीमाएं (6)
1	रैपुरा	राजस्व भूमि, ग्राम बिहरावारा.	483	8.923	**उत्तर**—प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्र. 1 से 7 एवं कक्ष क्र. पी 478 के मुनारा क्र. 73 तक कृत्रिम सीमा रेखा.
			484	7.345	
			517	8.907	
			518	0.405	**पूर्व**— वनखण्ड रैपुरा के कक्ष क्र. पी 478 के मुनारा क्रमांक 73 से 69 तक संरक्षित वन सीमा रेखा.
			519 में से	1.581	
			योग :	27.161	**दक्षिण**—वनखण्ड रैपुरा के कक्ष क्र. पी. 478 के मुनारा क्र. 69 से एवं मुनारा क्र. 8 से होते हुए 10 तक कृत्रिम सीमा रेखा.
					पश्चिम—प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्र. 10 से 1 तक कृत्रि सीमा रेखा.
2	किशनगढ़	राजस्व भूमि, ग्राम कूड़ापानी.	36 में से	4.022	**उत्तर**—प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्र. 1 से 12 तक कृत्रिम सीमा रेखा.
			38 में से	0.360	
			39	2.505	**पूर्व**—प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 12 से 14 तक कृत्रिम सीमा रेखा.
			43	4.046	
			44 में से	1.154	**दक्षिण**—प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्र. 14 से वनकक्ष क्र. पी 520 के मुनारा क्र. 292 तक कृत्रिम सीमा रेखा तथा वनकक्ष क्र. पी 520 के मुनारा क्र. 292 से 291 से प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्र. 15 तक संरक्षित वनखण्ड की सीमा तथा प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्र 15 से 17 एवं संरक्षित वनखण्ड के कक्ष क्र. पी 520 के मुनारा क्र. 290 तक कृत्रिम सीमा रेखा तथा कक्ष क्र. पी 520 के मुनारा क्र. 290 से प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्र. 18 तक संरक्षित वनखण्ड की सीमा तथा प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्र. 18 से 21 तक कृत्रिम सीमा रेखा तथा प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्र. 21 से संरक्षित वनखण्ड के
			45 में से	0.989	
			48 में से	3.278	
			49	5.095	
			50	6.033	
			53	3.865	
			54	4.046	
			55	4.565	
			56 में से	0.251	
			57 में से	2.395	
			60 में से	8.577	
			61 में से	2.120	
			योग :	53.301	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
					कक्ष क्र. पी 520 के मुनारा क्र. 289 तक संरक्षित वनखण्ड की सीमा रेखा. **पश्चिम**—वनकक्ष क्र.पी 521 के मुनारा क्र. 289 से 288 तक एवं कृत्रिम सीमा रेखा मुनारा क्र. 1 तक.
3	रायचोर (अ)	राजस्व भूमि, ग्राम-सॉड़ा	24 में से 25 में से 26 में से 27 में से 28 में से 32 में से योग :	2.975 0.113 7.443 0.320 6.135 3.598 20.584	**उत्तर**—प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 1 से 4 तक कृत्रिम सीमा रेखा. **पूर्व**—प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 4 से 12 एवं वनकक्ष क्र. पी 452 के मुनारा क्र. 48 तक कृत्रिम सीमा रेखा. **दक्षिण**—रायचोर वनखण्ड के कक्ष क्र. पी 452 के मुनारा क्र. 48 से 47 तक संरक्षित वनखण्ड की सीमा रेखा. **पश्चिम**—रायचोर वनखण्ड कक्ष क्र. पी 452 के मुनारा क्र. 47 एवं प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्र. 13 से 14 तक कृत्रिम सीमा रेखा एवं मुनारा क्र. 14 से कक्ष क्र. पी 449 के मुनारा क्र. 45 तक एवं पुनः मुनारा क्र. 45 से मुनारा क्र. 42 तक संरक्षित वनखण्ड की सीमा रेखा तथा मुनारा क्र. 42 से प्रस्तावित वनखण्ड मुनारा क्र. 1 तक कृत्रिम सीमा रेखा.
4	रायचोर (ब)	राजस्व भूमि, ग्राम-नगदा	1 में से 4 में से 5 में से 6 7 में से 8 में से 9 में से 22 में से 23 में से 24 25 26 27 28 349 350 346 358 359 योग : महायोग :	0.728 2.917 9.591 8.094 7.900 1.603 1.603 7.454 9.505 11.835 8.094 4.047 4.047 11.124 6.07 6.070 12.140 8.094 4.253 125.169 226.215	**उत्तर**—वनखण्ड रायचोर कक्ष क्र. पी 447 के मुनारा क्र. 136 से 121 तक संरक्षित वन की सीमा रेखा. **पूर्व**—वनखण्ड रायचोर के कक्ष क्र. पी 447 के मुनारा क्र. 121 से प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्र. 1 से 3 तक कृत्रिम सीमा रेखा. **दक्षिण**—प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्र. 3 से 18 तक कृत्रिम सीमा रेखा. **पश्चिम**—प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्र. 18 से 25 एवं वनखण्ड रायचोर के वन कक्ष क्र. पी 447 के मुनारा क्र. 136 तक कृत्रिम सीमा रेखा.

अधिसूचना का कारण—उक्त गैर वनभूमि मध्यप्रदेश स्टेट माईनिंग कार्पोरेशन लिमिटेड की अमीलिया नार्थ कोल ब्लाक परियोजना में व्यपवर्तित वनभूमि के बदले वन विभाग को क्षतिपूरक वनीकरण हेतु प्राप्त होने से संरक्षित वन बनाया जाना है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

भोपाल, दिनांक 21 सितम्बर 2011

क्र. एफ-25-19-2011-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-25-19-दस-3-2011, दिनांक 21 सितम्बर 2011 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वी. एन. पाण्डेय, सचिव.

Bhopal, the 21st September 2011

No. 25-19-2011-X-3.—In exercise of the powers conferred by Section 29 of the Indian Forest Act, 1927 (XVI of 1927), the State Government hereby declares the provisions of Chapter IV of the said Act, applicable of the Forest land/waste land specified in the Schedule below, subject to the conditions that the existing rights of individuals or communities shall not be abridged or affected in any manner, except in so far as they may be modified by the State Government from time to time :—

SCHEDULE

District—Chhatarpur, Forest Division—Chhatarpur, Tehsil—Bijawar, Forest Range—Kishangarh

S. No.	Name of Forest Block	Name of Forest or waste land	Khasra Number	Area (in Hectare)	Boundaries
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	Raipura	Revenue Land Village-Biharwara	483	8.923	**North.**—Artificial boundary line of proposed forest block from Pillar No. 1 to 7 & up to pillar No. 73 of compartment No. P-478.
			484	7.345	
			517	8.907	
			518	0.405	
			519 (Part)	1.581	
			Total :	27.161	**East.**—Protected forest Boundry line from pillar No. 73 to 69 of compartment No. P-478 of Raipura forest block.
					South.—Artificial boundary line from pillar No. 69 of Raipura forest block compartment No. P-478 to pillar No. 8 to 10.
					West.—Artificial boundary line from pillar No. 10 to 1 of proposed forest block.
2	Kishangarh	2. Revenue Land Village Kudapani	36 (Part)	4.022	**North.**—Artificial boundary line from pillar No. 1 to 12 of proposed forest block.
			38 (Part)	0.360	
			39	2.505	
			43	4.046	**East.**—Artificial boundary line from pillar No. 12 to 14 of proposed forest block.
			44 (Part)	1.154	
			45 (Part)	0.989	
			48 (Part)	3.278	**South.**—Artificial boundary line from Pillar No. 14 of proposed forest block to pillar No. 292 of forest compartment No. P-520 & protected forest block boundary of forest Compartment No. P-520 from pillar No. 292 to 291 to pillar No. 15 of proposed forest block & Artificial boundary line from pillar No. 15 to 17 of proposed forest block to pillar No. 290 of protect forest block
			49	5.095	
			50	6.033	
			53	3.865	
			54	4.046	
			55	4.565	
			56 (Part)	0.251	
			57 (Part)	2.395	
			60 (Part)	8.577	
			61 (Part)	2.120	
			Total :	53.301	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
					compartment No. P. 520 & protected forest block boundary from pillar No. 290 of forest compartment P. 520 to pillar No. 18 of proposed forest block & artificial boundary line from pillar No. 18 to 21 of proposed forest block & protected forest block boundary line from pillar No. 21 of proposed forest block to pillar No. 289 of protect forest block forest compart P. 520. **West.**—Artificial boundary line from pillar No. 289 at the junction of forest compartment P. 520 & P. 521 to Pillar No. 1 of proposed forest block.
3	Raychore (A)	Revenue Land Village-Sada	24 (Part) 2.975 25 (Part) 0.113 26 (Part) 7.443 27 (Part) 0.320 28 (Part) 6.135 32 (Part) 3.598 Total : 20.584		**North.**—Artificial boundary line from Pillar number 1 to 4 of proposed forest block. **East.**—Artificial Boundry line from pillar number 4 to 12 of proposed forest block to pillar No. 48 of compartment No. P. 452. **South.**—Protected forest block boundary line from pillar No.48 to 47 of compartment No. P-452 of Raychore forest block. **West.**—Artificial boundary line from pillar No. 47 of Raychore forest block compartment No. P. 452 to pillar No. 13 and 14 & protected forest block boundary line from Pillar No. 14 of proposed forest block to pillar No. 45 to 42 of forest compartment No. P. 449 & Artificial boundary lines from Pillar No. 42 of forest compart No. 449 to Pillar No. 1 of proposed forest block.
4	Raychore (B)	Revenue Land Village Nagada	1 (Part) 0.728 4 (Part) 2.917 5 (Part) 9.591 6 8.094 7 (Part) 7.900 8 (Part) 1.603 9 (Part) 1.603 22 (Part) 7.454 23 (Part) 9.505		**North.**—Protected forest block boundary line from pillar No. 136 to 121 of Raychore forest block compartment No. P. 447. **East.**—Artificial boundary line from pillar No. 121 of Raychor forest block compartment No. P. 447 to Pillar No. 1 to 3 of proposed forest block.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
			24	11.835	**South.**—Artificial boundary line from pillar No. 3 to 18 of proposed forest block.
			25	8.094	
			26	4.047	
			27	4.047	**West.**—Artificial boundary line from pillar No. 18 to 25 of proposed forest block and up to pillar No. 136 of Raychore forest block compartment No. P. 447.
			28	11.124	
			349	6.07	
			350	6.070	
			346	12.140	
			358	8.094	
			359	4.253	
			Total :	125.169	
		Grand Total :		226.215	

Reason for notification.—Above non forest land which has been allotted and transferred to Forest Department for carrying out compensatory afforestation in exchange of equal area of diverted forest land to M. P. State Mining Corp. Ltd. for its Amelia North Coal Block Project is to be notified as Protected Forest.

By Order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
V. N. PANDEY, Secy.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 22 सितम्बर 2011

फा. क्र. 17(ई) 83-03-इक्कीस-ब(एक)-011.—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 153 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना एफ. क्रमांक 17(ई) 83-03-इक्कीस-ब(1), दिनांक 16 सितम्बर 2010 में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 9, 31, 58, 59 और 93 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

सारणी

अनुक्रमांक (1)	सिविल जिले का नाम (2)	विशेष न्यायालय का नाम (3)	विशेष न्यायालय के न्यायाधीश का नाम (4)
"9.	बड़वानी	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सेंधवा, बड़वानी	श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा (जूनियर), द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सेंधवा, बड़वानी.
31.	धार (मनावर)	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, मनावर	श्री ए. के. खरे, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, मनावर.
58.	मंदसौर (गरोठ)	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, गरोठ	श्री वी. के. दुबे (जूनियर), अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, गरोठ
59.	मंदसौर (भानपुरा)	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, गरोठ लिंक-भानपुरा.	श्री वी. के. दुबे (जूनियर), अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, गरोठ, लिंक-भानपुरा.

(1)	(2)	(3)	(4)
93.	शाजापुर	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, शाजापुर	श्री अनिल कुमार भाटिया, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, शाजापुर.".

F. No. 17(E)83-03-XXI-B-(One).—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradeah, hereby makes the following amendments in this Department's Notification F. No. 17(E)83-03-XXI-B-(One), dated 16th September 2010, namely :—

AMENDMENT

In the said notification, in the table, for serial number 9, 31, 58, 59 and 93 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

TABLE

S.No.	Name of the Civil District	Name of Special Court	Name of the Judge of the Special Court
(1)	(2)	(3)	(4)
"9.	Barwani	II[nd] Additional Sessions Judge, Sendhwa, Barwani.	Shri Rajendra Prasad Sharma, Jr. II[nd] Additional Sessions Judge, Sendhwa, Barwani.
31.	Dhar (Manawar)	Additional Sessions Judge, Manawar.	Shri A. K. Khare, Additional Sessions Judge, Manawar.
58.	Mandsaur (Garoth)	Additional Sessions Judge, Garoth	Shri V. K. Dubey, (Jr.), Additional Sessions Judge, Garoth.
59.	Mandsaur (Bhanpura)	Additional Sessions Judge, Garoth, Link-Bhanpura.	Shri V. K. Dubey, (Jr.), Additional Sessions Judge, Garoth, Link-Bhanpura.
93.	Shajapur	II[nd] Additional Sessions Judge, Shajapur.	Shri Anil Kumar Bhatiya, II[nd] Additional Sessions Judge, Shajapur.".

फा. क्र. 17(ई) 83-03-इक्कीस-ब(एक)3146, 3255-011.—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 153 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना एफ. क्रमांक 17(ई) 83-03-इक्कीस-ब(1), दिनांक 16 सितम्बर 2010 में, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 9 और 93 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

सारणी

अनुक्रमांक	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय की क्षेत्रीय अधिकारिता (विद्युत् क्षेत्र के अनुसार)
(1)	(2)	(3)	(4)
"9.	बड़वानी (सेंधवा)	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सेंधवा	सेंधवा, अंजड़ तथा राजपुर का विद्युत् क्षेत्र.

(1)	(2)	(3)	(4)
93.	शाजापुर	द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, शाजापुर	सिविल जिला शाजापुर का समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 94, 95 तथा 96 के विशेष न्यायालय की अधिकारिता को छोड़कर).''.

टिप्पणी.—विशेष न्यायालय में लंबित मामले उनकी क्षेत्रीय अधिकारिता के अनुसार नवीन गठित न्यायालय में अंतरित हो जायेंगे.

F. No. 17(E)83-03-XXI-B-(One) 3146, 3255-011.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following amendments in this Department's Notification F. No. 17(E)83-03-XXI-B-(One), dated 16th September 2010, namely :—

AMENDMENTS

In the said notification, in the Table, for serial numbers 9 and 93 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

TABLE

S.No.	Name of the Civil District	Name of Special Court	Territorial jurisdiction of Special Court (According to the electricity Area)
(1)	(2)	(3)	(4)
"9.	Barwani (Sendhwa)	II[nd] Additional Sessions Judge, Sendhwa.	Electricity Area of Sendhwa, Anjad and Rajpur.
93.	Shajapur	II[nd] Additional Sessions Judge, Shajapur.	All Electricity Area of Civil District Shajapur (excluding the jurisdiction of special court at serial number 94, 95 and 96).".

Note.—The pending cases of the Special Court shall be stand transferred to the newly Constituted court according to their territorial jurisdiction.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

संस्कृति विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 24 अगस्त 2011

क्र. एफ-11-5-2011-तीस.—राज्य शासन की राय है कि नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किये गये प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष को विनिष्ट किये जाने, क्षतिग्रस्त किये जाने, विकृत किये जाने, विरूपित किये जाने, हटाये जाने या उसका अपक्षय होने से संरक्षित करना आवश्यक है.

अतः, मध्यप्रदेश शासन, प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्वीयता स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1964 (क्रमांक 12, सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा निम्न प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करने के अपने आशय की सूचना देता है.

किसी भी ऐसी आपत्ति पर जो इस संबंध में निम्न प्राचीन स्मारक तथा और अवशेष में हित रखने वाले किसी व्यक्ति से इस सूचना के "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशित होने के दिनांक से एक माह की कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्राप्त हो, राज्य शासन द्वारा विचार किया जायेगा :—

अनुसूची

राज्य	जिला	तहसील	स्थानीय क्षेत्र	स्मारक का नाम	राजस्व क्षेत्र जो संरक्षण में सम्मिलित होना है	क्षेत्र सीमांक	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
मध्यप्रदेश	भोपाल	हुजूर	समसगढ़	प्राचीन शिवमंदिर के अवशेष एवं दो प्राचीन बावड़ी.	सर्वे नं. 256, 259	0.100 हे. 0.040 हे.	मध्यप्रदेश शासन	धार्मिक पूजा के अधीन नहीं है.

भोपाल, दिनांक 25 अगस्त 2011

क्र. एफ-11-8-2011-तीस.—राज्य शासन की राय है कि नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किये गये प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष को विनिष्ट किये जाने, क्षतिग्रस्त किये जाने, परिवर्तित किये जाने, विकृत किये जाने, विरूपित किये जाने, हटाये जाने, तितर-बितर किये जाने या उसका अपक्षय होने से संरक्षित करना आवश्यक है.

अतएव, मध्यप्रदेश शासन, प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्वीयता स्थल तथा अवशेष अधिनियम, 1964 (क्रमांक 12, सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा निम्न प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करने के अपने आशय की सूचना देता है.

किसी भी ऐसी आपत्ति पर जो इस संबंध में निम्न प्राचीन स्मारक तथा और अवशेष में हित रखने वाले किसी व्यक्ति से इस सूचना के "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशित होने के दिनांक से एक माह की कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्राप्त हो, राज्य शासन द्वारा विचार किया जायेगा :—

अनुसूची

राज्य	जिला	तहसील	स्थल	स्मारक का नाम	राजस्व खण्ड क्रमांक जिसे संरक्षण में सम्मिलित करना है	क्षेत्रफल	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
मध्यप्रदेश	भोपाल	हुजूर नजूल शहर, भोपाल वृत्त.	इतवारा रोड	मौलाना आज़ाद सेन्ट्रल लायब्रेरी केन्द्रीय पुस्तकालय (अजायब घर).	ख. नं. 1244	कुल रकबा 13.44 एकड़ में से 0.54 एकड़.	महकमा बागात	शिक्षा विभाग के अधीन है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
लक्ष्मीकान्त द्विवेदी, उपसचिव.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 9 सितम्बर 2011

क्र. एफ-5-11-2011-29-2.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग की शृंखला बैठकें रीवा एवं शहडोल संभाग के प्रकरणों के निराकरण के लिये रीवा में तथा उज्जैन संभाग के प्रकरणों के निराकरण के लिये उज्जैन में आयोजित करने की अनुमति प्रदान की जाती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ललित दाहिमा, उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, राज्यपाल का सचिवालय, मध्यप्रदेश, भोपाल

राजभवन, भोपाल दिनांक 21 सितम्बर 2011

क्र. 1211-रा.स.-यू. ए.-5-2011.—राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 की धारा 27(1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महामहिम कुलाधिपतिजी ने उक्त अधिनियम की धारा 27 की उपधारा (2) के खण्ड (तीन), (चार), (पांच) एवं (छः) के अन्तर्गत राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के प्रबंध मंडल में निम्नांकित व्यक्तियों को सदस्य के रूप में मनोनीत किया हैं :—

1. धारा 27(2) (तीन) -कृषि में अनुसंधान या शिक्षा का पूर्वानुभव रखने वाले एक विख्यात कृषक (एग्रीकल्चरिस्ट)—
   1. डॉ. अनवर आलम,
      एस-319-विवेकानन्द अपार्टमेंट्स,
      सेक्टर-5, प्लॉट-2, द्वारका,
      नई दिल्ली-110075.
2. धारा 27(2) (चार) राज्य के दो प्रगतिशील कृषक जो किसी राजनैतिक दल या उसकी संस्था का सदस्य न हों—
   1. श्री बलराम पाटीदार
      ग्राम एवं पोस्ट-पेटलावद
      जिला झाबुआ.
   2. श्री करण सिंह वर्मा,
      मोगरा, जिला सीहोर.
3. धारा 27(2) (पांच) -ग्रामीण उन्नति का पूर्वानुभव रखने वाली एक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्त्री—
   श्रीमती मनोरमा मेनन
   47-ए, संवाद नगर,
   जिला इन्दौर.
4. धारा 27(2) (छः) -पशु चिकित्सा या पशुपालन वैज्ञानिक, जिसे पशु चिकित्सा या पशुपालन के अनुसंधान या शिक्षा का अनुभव हो—
   डॉ. अमरेश कुमार,
   35, ग्रीन पार्क, बिसालपुर रोड,
   बरेली—243006.

यह आदेश वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने के उपरांत दिनांक 20 अक्टूबर 2011 से प्रभावशील होंगे.

कुलाधिपति, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के आदेशानुसार,
शैलेन्द्र कियावत, राज्यपाल के उपसचिव.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
"निर्वाचन भवन"
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश—462011

आदेश

भोपाल, दिनांक 21 सितम्बर 2011

क्र. एफ 67-2-09-तीन-1567.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार **अध्यक्ष** का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

वर्ष 2008 (उत्तरार्द्ध) में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत मनगवां, जिला रीवा** के आम निर्वाचन में **श्रीमती जमीला बनो अध्यक्ष** पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर पंचायत मनगवां** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 8 जनवरी 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 7 फरवरी 2009 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी रीवा के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रीवा के पत्र क्र.126/स्था-निर्वा. 2009, दिनांक 23 मार्च, 2009 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती जमीला बनो** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती जमीला बनो** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 18 मई 2009 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रीवा के माध्यम से दिनांक 13 जून 2009 को अभ्यर्थी के ससुर मो. रमजान पिता मेहदीहसन के माध्यम से तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्रीमती जमीला बनो को नोटिस दिनांक 13 जून 2009 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 28 जून 2009 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. कलेक्टर, रीवा के पत्र दिनांक 6 जून 2011 के संलग्न परिशिष्ट छत्तीस के अनुसार नगर पंचायत मनगवां के अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी **श्रीमती जमीला बनो** द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है. कलेक्टर, रीवा से उक्त जानकारी प्राप्त होने पर विचारोपरांत अभ्यर्थी को व्यक्तिगत सुनवाई का एक मौका देते हुए दिनांक 18 अगस्त 2011 को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर आयोग कार्यालय में उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली दिनांक 11 अगस्त 2011 को उनके देवर श्री अहमद अला खान के माध्यम से करवाई गई थी, किन्तु **श्रीमती जमीला बनो** उपस्थित नहीं हुई.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्रीमती जमीला बनो** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत: मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती जमीला बनो** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा नगर पंचायत मनगवां, जिला रीवा का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से पांच वर्ष (05 वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता/-
(सुभाष जैन),
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

भोपाल, दिनांक 21 सितम्बर 2011

क्र. एफ 67-253-10-तीन-1582.—श्री रमेश कुमार पिता बृजमोहन, नगरपालिक निगम, सतना, जिला सतना के महापौर पद के अभ्यर्थी ने यह आवेदन दिनांक निरंक जो कि आयोग कार्यालय में दिनांक 1 जुलाई 2011 को प्राप्त हुआ द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश क्रमांक एफ. 67-253-10-तीन-560, दिनांक 23 अप्रैल 2011 राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 6 मई 2011 पर पुनर्विचार करने के लिये प्रस्तुत किया है, जिसके द्वारा उन्हें पांच वर्ष के लिये निरर्हित किया गया है.

2. प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि नगरपालिक निगम, सतना, जिला सतना का निर्वाचन परिणाम की घोषणा दिनांक 16 दिसम्बर 2009 को हुई. आवेदक को नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 14 ख के अन्तर्गत इन्हें अपना निर्वाचन व्यय लेखा चुनाव परिणाम की घोषणा के 30 दिन की विहित अवधि के भीतर अर्थात् 15 जनवरी 2010 तक मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण एवं प्रस्तुति) आदेश, 1997 दिनांक 5 जून 1997 राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 6 जून 1997 के अनुसार निर्धारित प्ररूप में और निर्धारित रीति से जिला निर्वाचन अधिकारी, सतना को प्रस्तुत कर देना था, लेकिन आवेदक ऐसा करने में असफल रहा. कारण बताओ नोटिस आवेदक की पत्नि के माध्यम से दिनांक 10 मई 2010 को तामील करवाया गया किन्तु आवेदक ने कोई अभ्यावेदन नहीं दिया और न ही निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत किया. आवेदक द्वारा दिनांक 25 अक्टूबर 2010 को अर्थात् नोटिस की तामीली उपरांत लगभग 5 माह पश्चात् लेखे प्रस्तुत किये एवं विलंब के बारे में कोई कारण नहीं बताया. आवेदक को व्यक्तिगत सुनवाई का एक मौका देते हुए दिनांक 8 मार्च 2011 को आहूत किया गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना पत्र की तामीली आवेदक को दिनांक 6 मार्च 2011 को हो गई थी, किन्तु अभ्यर्थी व्यक्तिगत सुनवाई में भी उपस्थित नहीं हुए. अत: उनके विरुद्ध निरर्हित करने का आदेश दिनांक 23 अप्रैल 2011 को पारित किया गया. इस आदेश के विरुद्ध यह पुनर्विचार आवेदन प्रस्तुत किया गया है.

3. पुनर्विचार के इस आवेदन में श्री रमेश कुमार पिता बृजमोहन का कहना है कि दिनांक 25 अक्टूबर 2010 को विधिवत जिला निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित लेखा रजिस्टर में व्यय का लेखा प्रस्तुत कर दिया गया था. दूसरा आरोप यह लगाया गया है कि "द्वेषवश शासकीय कर्मी द्वारा लेखा रजिस्टर नहीं दिये जाने पर विभागीय कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही कर निलम्बित किया जावे.

4. श्री रमेश कुमार को कारण बताओ नोटिस दिनांक 10 मई 2010 को प्राप्त हुआ. लेखा प्रस्तुति आदेश, 1997 में स्पष्ट प्रावधान है कि कारण बताओ नोटिस प्राप्त होने पर 15 दिन के भीतर अभ्यावेदन प्रस्तुत करना चाहिए. आवेदक ने इस स्पष्ट प्रावधान को अनदेखा कर दिया और यह अभ्यावेदन नहीं दिया कि उनके द्वारा लेखे किन कारणों से प्रस्तुत नहीं किये गये. आवेदक ने स्वयं ही अपने पुनर्विचार के अभ्यावेदन में लेख किया है कि उन्होंने लगभग पांच माह विलंब से अर्थात् 25 अक्टूबर 2010 को लेखे प्रस्तुत किये हैं.

5. इसके अतिरिक्त आयोग द्वारा आवेदक को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 9 फरवरी 2011 को एक सूचना पत्र जारी किया गया कि वे अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु समस्त कागजात एवं प्रमाण सहित दिनांक 8 मार्च 2011 को उपस्थित हों, किन्तु आवेदक सुनवाई में न तो स्वयं उपस्थित हुए और न ही उनके द्वारा कोई अभ्यावेदन ही प्रस्तुत किया गया.

6. सारांश यह है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना के अनुसार आवेदक ने निर्वाचन व्यय लेखा विहित समयावधि एवं रीति से प्रस्तुत नहीं किया. कारण बताओ नोटिस की तामीली होने पर भी आवेदक ने कोई जवाब नहीं दिया. आवेदक व्यक्तिगत सुनवाई में भी उपस्थित नहीं हुए न ही उनके द्वारा इस संबंध में कोई अभ्यावेदन ही प्रस्तुत किया गया. यद्यपि अभ्यर्थी ने अभ्यावेदन में विलंब से अर्थात् 25 अक्टूबर 2010 को लेखे प्रस्तुत करने का लेख किया है तथापि विलंब से लेखे प्रस्तुत करने के कारण से आयोग को अवगत नहीं कराया है.

7. उपर्युक्त कारणों से श्री रमेश कुमार पिता बृजमोहन द्वारा प्रस्तुत पुनर्विचार का आवेदन दिनांक निरंक जो आयोग कार्यालय में दिनांक 1 जुलाई 2011 को प्राप्त हुआ है एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता/-
(सुभाष जैन),
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

OFFICE OF THE

ADDL. COMMISSIONER OF INCOME TAX, RANGE-2, INDORE

Aayakar Bhawan (Annexe) opp. white church, Indore

ORDER No. 01/2011

Dt. : 09-09-2011

In exercise of powers conferred by the Central Board of Direct Taxes. New Delhi under sub-section (2) of Section 120 of the Income Tax Act, 1961 (43 of 1961) vide Notification No. 228 of 2001, dated 31-7-2001 [S.O. No. 732 (E) and File No. 187-5-2001-ITA] and amendment to it made vide Notification No. 335 of 2001 [S.O. No. 1064(E), dated 29-10-2001], and all other powers in this behalf and in pursuance of the CIT-1, Indore Notification No. 01/05-06 dated 11-08-2005, and also in compliance to the **INSTRUCTION NO. 1/2011 [F. NO. 187/12/2010-IT (A-I)], DATED 31-1-2011 issued by the CBDT which lays down revised monetary limit of cases to be assessed by DCsIT/ACsIT and the ITOs in metro cities and nofussil areas w.e.f. 1-4-2011 and the Notification No. CCIT/Ind/Tech/Jurisdiction/2011-12, dated 20-6-2011 issued by Hon'ble CCIT Indore further adjusting the monetary limit of the cases to be assessed by DCsIT/ACsIT and the ITOs in view of the INSTRUCTION NO. 6/2011 [F. NO. 187/12/2010-ITA-I], DATED 8-4-2011,** I the Additional Commissioner of Income Tax, Range-2, Indore hereby direct that all of my sub-ordinate Assessing Officers [Dy./Asstt. CsIT, ITOs] shall exercise the powers and perform the functions of Assessing Officer in respect of such territories and/or such persons or classes of persons and/or such income or classes of income and/or such cases or classes of cases in respect of which the Addl./ Joint Commissioner of Income Tax, Range-2, Indore Accordingly these assessing officers shall have concurrent jurisdiction amongst themselves as well as with the Additional/Joint Commissioner of Income Tax, Range-2, Indore.

2. However without any restriction to the generality of concurrent jurisdiction, with a view to allocate the work amongst all these assessing officers for proper functioning. I, the Additional Commissioner of Income Tax, Range-2, Indore hereby direct that these assessing officers as specified in Col. No. (2) of Schedule here to annexed, having their headquarters at places specified in corresponding entries in Col. No. (3) of the said Schedule, shall exercise the powers and perform the function of an assessing officers and/or any other functions as specified therein, in respect of territories mentioned in Col. No. (4) and/or persons or classes of persons and/or such income or classes of income and/or cases or classes of cases mentioned in Col. No. (5) of Schedule annexed hereto.

3. This order is in supersession of all the earlier orders issued in this regard and shall come into force with effect from 1st April 2011.

ARUN DEWAN
Additional Commissioner of Income Tax.
Range-2, Indore.

SCHEDULE

S. No.	Designation of Income Tax Authority	Head Quarter	Territorial Area	Person and classes of person and/or such income or classes of income and/or cases or classes of cases
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
